प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.01.2026 **(दोपहर– 1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मालदा रेलवे स्टेशन से हावड़ा और गुवाहाटी(कामाख्या) के बीच चलने वाली भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने गुवाहाटी–हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल रूप से झंडी दिखाई। पूरी तरह से वातानुकूलित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को किफायती किराए पर हवाई यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करेगी।

****

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के रेडियम रोड चौक पर भारतीय सेना के नए रक्षा संपदा उप–कार्यालय का विधिवत उद्‌घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के लिए यह महत्वपूर्ण अवसर है।
इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे।

****

रांची के डोरंडा स्थित न्याय सदन में झालसा की ओर से वर्ष 2026 के लिए झालसा एक्टिविटी कैलेंडर और झालसा न्यूज लेटर न्याय डगर का विमोचन किया गया। इस मौके पर झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने डायन बिसाही जैसी कुरीतियों पर रोक समेत अन्य विषयों पर विधिक जागरूकता पर बल दिया।

****

झारखंड एकेडमिक काउंसिल–जैक द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट jac.jharkhand.gov.in पर जारी कर दिए गये हैं। एडमिट कार्ड केवल स्कूल और कॉलेजों के प्रधानाचार्य ही डाउनलोड कर सकेंगे। विद्यार्थियों को अपना एडमिट कार्ड अपने संबंधित स्कूलों से ही प्राप्त करना होगा। बोर्ड परीक्षाएं 3 फरवरी से 17 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होने के लिए कल स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से दावोस के लिए रवाना होगा। यह दौरा 18 से 24 जनवरी तक चलेगा, जहां झारखंड का ऊर्जा परिवर्तन मॉडल पेश किया जाएगा। ऊर्जा परिवर्तन मॉडल की प्रस्तुति को लेकर राज्य स्तर पर भी महत्वपूर्ण रणनीतिक चर्चाएं जारी हैं।

****

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 और स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी परिसरों की चहारदीवारी पर झारखंड और साहिबगंज की स्थानीय पेंटिंग– सोहराय पेंटिंग, जादू पटिया, जनजातीय चित्र कलाओं के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साहिबगंज नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

****

आदिवासी संगठनों द्वारा आज बुलाए गए झारखंड बंद का रांची, खूंटी, सिमडेगा सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। यह बंद मुख्य रूप से खूंटी के पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में और न्याय की मांग को लेकर बुलाया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।